केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., कौलागढ़ रोड, देहरादून

<u>निविदा सूचना</u>

विद्यालय में सफाई, डाटा एंट्री ओपेरटर एवं कार्यालय हेतु सब-स्टाफ (चपरासी) की सेवाओं के लिए आउटसौर्सिंग के माध्यम से अनुबंध प्रदान करने के लिए, आयकर, ई.पी.एफ., ई.एस.आई. एवं वस्तु सेवा कर, GEM पोर्टल में पंजीकृत हों व जिनको इस कार्य हेतु कम-से-कम 5 वर्ष का अनुभव हो, ऐसे ठेकेदारों से मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है |निविदा फार्म/दस्तावेज केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी, कौलागढ़ रोड, देहरादून के पक्ष में रु. 590/- (रु. पांच सौ नब्बे मात्र) के डिमांड ड्राफ्ट के भुगतान (अप्रतिदेय) के उपरांत सभी कार्य दिवसों में दिनांक 03-01-2019 से 16-01-2019 (पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 1.00 बजे तक) प्राप्त एवं मुहरबन्द लिफाफे में (पूर्ण प्रपत्रों के साथ) जमा किये जा सकते है| किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा| विस्तृत नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में वर्णित हैं | निविदा दस्तावेज केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी की वेबसाईट **www.kvongcddn.net** से भी डाउनलोड कर सकते है जिसके लिए निविदा कीमत रुपए 590/-डिमांड ड्राफ्ट आर्डर निविदा दस्तावेज के साथ भेजी जाए अन्यथा निविदा को रद्द कर दिया जाएगा | निविदा दिनांक 17-01-2019 को दोपहर 12:30 पर खोली जाएगी |

प्राचार्या

केन्द्रीय विद्यालय ओ0एन0जी0सी0, देहरादून

कौलागढ़ रोड, देहरादून -२४८१९५
फ़ोन- ०१३५ -२७५४३७८
वेबसाइट - www.kvongcddn.net
ई-मेल - kvongc_08530@rediffmail.com

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

KENDRIYA VIDYALAYA ONGC, DEHRADUN

Kaulagarh Road, Dehradun -248 195
Phone - 0135 - 2754378
Website - www.kvongcddn.net
E-mail - kvdehradunongc@kvsedu.org

F.13630/बा.से./के.वि.ओ.एन.जी.सी.दे.दून/2018-19/ दिनांक : 03-01-2019

सेवा अनुबंध के माध्यम से कर्मचारियों को नियुक्त करने वाली सर्विस प्रोवाइडर फर्म को नियुक्त करने हेतु आमंत्रण निविदा का प्रपत्र |

1. केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जो कि सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है एवं केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्त पोषित स्वायत संस्थान है | केन्द्रीय विद्यालय संगठन केन्द्रीय विद्यालयों जो कि केन्द्रीय सरकार के स्थानान्तरित कर्मचारियों के बच्चों एवं अन्य को शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रारंभ किये गए थे, के योजनाबद्ध प्रसाशन के लिए कार्यरत हैं |
2. केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून द्वारा प्रतिष्ठित/पंजीकृत परामर्शदायी/श्रमशक्ति सेवाएँ उपलब्ध कराने वाली फ़र्मों से सेवा अनुबंध के तहत मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं | यह सेवा अनुबंध दिनांक 01 फरवरी 2019 या उससे आगे एक (1) वर्ष के लिए मान्य होगा | यदि सेवा प्रदान करने वाली फर्म द्वारा प्रदान की गयी सेवाएँ उत्तम होंगी तो इसके एवज में पुरानी शर्तों के अनुसार अनुबंध अगले एक (1) वर्ष के लिए व अधिकतम दो वर्षों के लिए भी बढ़ाया जा सकता है | अनुबंध विस्तार के दौरान फ़र्म का सेवा शुल्क कोटेशन में दीये गए न्यूनतम मानदेय जो कि दिनांक 01-01-2019 में लागू है के अनुसार ही देय होगा |

क्रम सं.	श्रम शक्ति की श्रेणी	अपेक्षित कार्मिकों की स.	दायित्व
1	सफाई कर्मचारी	06	विद्यालय भवन मे निर्मित समस्त कमरों जैसे कक्षाएं, लैब के कमरों, समस्त बाथरूम, कांफ्रेस रूम, कोरिडोर्स, सीढ़ियों, खुले क्षेत्र, खेल का मैदान तथा भू तल, प्रथम तल व् द्वितीय तल के क्षेत्र को साफ़ करना	विद्यालय प्रांगन में जब भी सिविर लाइन चोक होगी उसको खोलना	फर्म को यह सलाह दी जाती है कि वे निविदा भरने से पूर्व कार्यस्थल का निरिक्षण कर लें	
2	सब-स्टाफ (चपरासी)	02	इस कार्य में रखे जाने वाले व्यक्तियों को पढना/लिखना व साइकिल चलानी आनी चाहिए जिससे कि उनसे विद्यालय के कार्य जैसे - डाकखाने, बैंक व अन्य जगह पर डाक भेजने/लाने के कार्य के साथ विद्यालय के अन्य दैनिक कार्य करवाये जा सकें	
3	माली	02	बागवानी (भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर)
4	डाटा एंट्री ऑपरेटर	01	डाटा एंट्री तथा कार्यालयी कार्य हेतु

3. मूल्य :

(i) निविदा लगाने वाली फर्म एक यूनिट रेट कोट करेगी जिसमें मासिक मानदेय, ई.पी.एफ., ई.एस.आई. तथा अन्य मानक व्यय तथा सेवा शुल्क सम्मिलित होगा | यह वित्तीय निविदा **परिशिष्ट - A** में दिए गये प्रपत्र में ही देनी होगी | बोलीदाता अपनी फर्म से सम्बंधित समस्त तकनीकी विवरण संलग्नक **परिशिष्ट - B** में मांगे गए संलग्नकों के साथ विद्यालय में निविदा प्रपत्र के साथ जमा करेगा | बोलीदाता फर्म न्यूनतम पारिश्रमिक के दस्तावेज सहित वाजिब सेवा शुल्क (Service Charge) जो लगभग 8% से कम न हों कोट कर सकता है ताकि फर्म ईमानदारी से सभी श्रमिकों के सभी संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह कर सके | बोलीदाता

फर्म विद्यालय के द्वारा मांगे गए वित्तीय निविदा **परिशिष्ट - A** एवं फर्म से सम्बंधित समस्त तकनीकी विवरण संलग्नक **परिशिष्ट - B** को समस्त संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा करना होगा | **परिशिष्ट - A** में मांगी गयी वित्तीय सूचना एवं **परिशिष्ट - B** में मांगी गयी तकनीकी विवरण के समस्त संलग्नकों के पूर्ण न होने की स्थिति में इस निविदा को अपूर्ण व अयोग्य माना जायेगा तथा निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा |

(ii) सेवा शुल्क और अन्य इसी प्रकार के कर जिनका भुगतान केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून द्वारा किया जाना है वे बोलीदाता द्वारा वित्तीय निविदा **परिशिष्ट - A** में सम्बंधित स्थान में कोट किये जायेंगे |

(iii) संवैधानिक दायित्वों के बदलाव की दशा में केवल संवैधानिक दायित्वों का ही समायोजन किया जायेगा उसके अलावा फर्म द्वरा दी गयो दरें अनुबंध की अवधि पूर्ण होने तक स्थिर रहेंगी एवं किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होगा |

(iv) बोलीदाता अपनी बिड के साथ रु. 20,000/- (रूपए बीस हजार) एक डिमांड ड्राफ्ट जो कि "Kendriya Vidyalaya ONGC, Dehradun" Payable at Dehradun के नाम से होगा वो बयाना धनराशि के रूप में जमा करवाना होगा | बयाना धनराशि को निविदा में असफल होने वाले बिडर्स को अनुबंध के आरंभ होने पर वापस लौटा दी जाएगी |

(v) चयनित फर्म को सुरक्षा राशि (Security deposit) के रूप में डिमांड ड्राफ्ट/RTGS/NEFT के माध्यम से विद्यालय विकास निधि खता सं. - 496902050000140, IFSC Code – UBIN0549690 में समस्त सेवाओं हेतु रु. 1,50,000/- (रूपए एक लाख पचास हजार मात्र) एवं यदि अलग-अलग सेवाओं हेतु अलग-अलग फर्मो से बाहरी स्रोत से सेवा ली गयी तो उस सेवा के वार्षिक मूल्य का 10% ही सुरक्षा राशि के रूप में बयाना राशि के समायोजन के उपरांत जमा करना होगा जो कि अनुबंध के प्रारंभ होने के 14 महीनों तक वैध होगा |

(vi) बोलीदाता द्वारा e-mail/Telex/Facsimile द्वारा भेजी गयी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी |

4. एक बोलीदाता द्वारा केवल एक निविदा ही दी जाएगी |
5. **निविदा की वैधता** - निविदा जमा करने की निरधारित तिथि से निविदा 90 दिनों के लिये वैध होगी |
6. **नियम एवं शर्तें -**

(क) फर्म द्वारा सभी कामगारों को पारिश्रमिक का वितरण RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में किया जायेगा |

(ख) ठेका लेने वाली फर्म निविदा में दिए गए पारिश्रमिक के हिसाब से बिना किसी कटौती के प्रत्येक अगले माह की 5 तारीख तक अपने कामगारों जो की केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी. में कार्यरत हैं को पारिश्रमिक का भुगतान सुनिश्चित करेगी |

(ग) ठेका लेने वाली फर्म का सम्बंधित माह का (Bill) एवं उन कामगारों जो की केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून में कार्यरत हैं को वितरण किये गए पारिश्रमिक के प्रमाण सहित तीन प्रतियों में निम्नलिखित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करेगी |

(घ) फर्म द्वारा किसी भी कार्मिक को दिए गए अग्रिम भुगतान को मासिक पारिश्रमिक के भुगतान से समायोजित नहीं किया जायेगा |

(ङ) दस या उससे अधिक दिनों की छुट्टियों में विद्यालय की जरुरत के हिसाब से सफाई कर्मियों को बुलाया जायेगा |

(च) सभी कर्मियों को रविवार के अलावा प्रत्येक दिन विद्यालय आना होगा | अगर कोई कर्मचारी किसी दिन में आधे दिन से कम कार्य करता है तो उस दिन का भुगतान नहीं दिया जायेगा | आधे दिन या उससे अधिक की अवधि में भी आधे दिन का भुगतान किया जायेगा |

(i) वितरण किये गए पारिश्रमिक का प्रत्येक कामगार के बैंक खाता सं. सहित एवं फर्म द्वारा किये गए प्रत्येक भुगतान जैसे Cheque/ RTGS/NEFT का विवरण प्रस्तुत करेगी |

(ii) संवैधानिक दायित्वो जैसे EPF, ईएसआई, GST एवं अन्य लागू करों के प्रत्येक

माह के भुगतान के प्रमाण जैसे चालान, TRRN विवरण इत्यादि प्रत्येक माह के बिल के साथ साक्ष्य के रूप में जमा करायेगा |

(iii) ठेका लेने वाली फर्म को उपरोक्त (Bill)एवं संवैधानिक दायित्वो के भुगतान जमा करने के 15 दिन के भीतर भुगतान किया जायेगा |

(घ) सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम पारिश्रमिक (भारत सरकार द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक या राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक जो भी अधिक हो) को न्यूनतम पारिश्रमिक माना जायेगा | यदि कोई फर्म न्यूनतम पारिश्रमिक से कम पारिश्रमिक अपनी निविदा में अंकित करते हैं तो ऐसी निविदा मूल्यांकन हेतु अयोग्य होगी | ठेका लेने वाली फर्म निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करेगी कि उनके द्वारा केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी. में कार्यरत कामगारों/श्रमिकों को पारिश्रमिक का भुगतान न्यूनतम पारिश्रमिक जो कि भारत/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित है की दरों पर सीधे उनके बैंक खातों में किया जा रहा है |

(ङ) बोलीदाता को प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक अंश जो की निम्नलिखित हैं की दरें अंकित करनी होंगी

(i) प्रति व्यक्ति वर्तमान में लागू न्यूनतम पारिश्रमिक |

(ii) EPF (iii) ESI

(iv) Service Charge percentage(%) प्रति व्यक्ति |

(च) ठेका लेने वाली फर्म द्वारा सभी कामगारों/श्रमिकों को केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून द्वारा बताये गए प्रपत्र में पहचान पत्र प्रदान करना होगा जो कि अनुबंध की अवधि के लिए वैध होगा|

(छ) ठेका लेने वाली फर्म सभी संवैधानिक दायित्वो का पालन करेगी |

(ज) वास्तविक गणना में लघु परिवर्तन फर्म एवं सेवा लेने वाले दोनों के ऊपर लागू होगा |

(झ) सामान्यत: केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून के कार्य दिवस प्रात: 8 बजे से 4 बजे तक हैं एवं विद्यालय की आवश्यकतानुसार कार्य दिवस के समय को घटाया/बढ़ाया जा सकता है |

(ञ) केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून को अधिकार होगा कि वह ठेका लेने वाली फर्म से आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त श्रम शक्ति (श्रमिकों) की मांग कर सकता है एवं यदि अनुबंध के पश्चात या अनुबंध से पूर्व किसी सेवा की आवश्यकता नहीं है तो उस सेवा या श्रमशक्ति को प्रारंभ में ही या अनुबंध की अवधि के बीच में समाप्त कर सकता है |

(ट) केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून द्वारा ठेका लेने वाली फर्म से लिए गए अतिरिक्त श्रम शक्ति की प्रतिपूर्ति फर्म द्वारा निविदा में दी गयी दरों के हिसाब से की जाएगी |

(ठ) पिछले वित्तीय सत्र में ठेका लेने वाली फर्म द्वारा विशेषत: सरकारी ग्राहकों को सेवा दी जाने वाली सेवा का कार्य आदेश का मूल्य रु. 5,000,00/- से कम नही होना चाहिए, फर्म कार्य आदेश की प्रति एवं पिछले तीन सालों में किये गए वित्तीय कारोबार की प्रतियें संलग्न करेगी |

(ड) फर्म के मालिक/साझेदार का चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करें | फर्म द्वारा इस बात का शपथ पत्र संलग्न किया जायेगा कि फर्म को पिछले तीन सालों में किसी भी ग्राहक द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है |

(ढ) किसी भी कार्य दिवस में अनुपस्थित रहने पर मासिक पारिश्रमिक (मानदेय) की गणना निम्नलिखित सूत्र के अनुसार की जाएगी -

कुल मासिक पारिश्रमिक= मासिक पारिश्रमिक - A1

$$A1 = \frac{\text{मासिक मानदेय}}{\text{माह में कुल दिनों की संख्या}} \times \text{अनुपस्थित रहे दिनों की संख्या}$$

(ण) केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून ठेका लेने वाली फर्म द्वारा प्रदान किये गए प्रत्याक्षी/श्रमिकों को चयन के उपरांत ही स्वीकार करेगी | फर्म द्वारा प्रत्येक सेवा हेतु एक श्रमिक की तैनाती हेतु तीन/चार अभ्यर्थियों का बायो-डाटा देना होगा |

(त) अभ्यर्थियों को केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून द्वारा व्यक्तिगत चर्चा हेतु बुलाया जा सकता है जिसके लिए उनको किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता या अन्य खर्च/शुल्क देय नहीं होगा । यदि कोई भी अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं पाया जाएगा तो फर्म को अन्य अभ्यर्थियों का बायो-डाटा 24 घंटे के

भीतर देना होगा । किसी भी कामगार/श्रमिक के अनुपस्थित/अनुपयुक्त होने पर फर्म द्वारा 24 घंटे के अन्दर उसकी एवज मे उपयुक्त व्यक्ति देना होगा

(थ) विद्यालय द्वारा ठेका देने की स्तिथि में ठेका लेने वाली फर्म को आदर्श अनुबंध केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून के साथ हस्ताक्षर करना होगा | निविदा दस्तावेजो मे निर्दिष्ट अन्य नियम एवं शर्ते स्वीकार की गई निविदा के आदर्श अनुबंध के प्रपत्र का हिस्सा होंगी |

(द) तैनात किये गए कर्मियों की लापरवाही व अन्य वजह से यदि विद्यालय को किसी प्रकार की हानि, चोरी/तोड़-फोड़ के फल स्वरूप होगी तो केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून को ठेका लेने वाली फर्म से क्षति पूर्ति का अधिकार होगा |

(ध) ठेका लेने वाली फर्म को विद्यालय मे तैनात किये गए कर्मियों के पूर्व इतिहास का सत्यापन तैनात करने से पूर्व पुलिस से कराना होगा एवं सत्यापन की एक प्रति विद्यालय को प्रदान करने होगी|

(न) ठेका लेने वाली फर्म प्रशिक्षित/पेशेवर कर्मियों को ही सफाईकर्मी, सब-स्टाफ(चपरासी), माली एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर विशेषत: भूत-पूर्व सैनिक जो कि 60 वर्ष से कम उम्र के हों एवं शारीरिक तौर से सक्षम एवं मानसिक रूप से सतर्क हों | भूत-पूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जायेगी | ठेका लेने वाली फर्म कर्मियों को तैनात करने से पहले यह सुनिश्चित करेगी कि सफाईकर्मी, सब-स्टाफ(चपरासी), डाटा एंट्री ऑपरेटर व अन्य AIDS या किसी अन्य संक्रामिक बीमारी से ग्रसित नहीं है | तैनात किये गए कर्मी तम्बाकू व अन्य सम्बंधित उत्पाद, मदिरा इत्यादि का सेवन ड्यूटी के दौरान या उसके पश्चात विद्यालय प्रांगण में नहीं करेंगे |

(प) सेवा देने वाली फर्म के लिए बेहतर होगा कि विद्यालय में कार्यरत समस्त कर्मियों के कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदान को सम्बंधित खाते में अपलोड विद्यालय कार्यालय में बैठकर कार्यालयी कर्मियों की उपस्थिति में नियमानुसार देय राशि की जाँच करा लें |

7. **निविदा का मूल्यांकन** : सेवा लेने वाला मूल्यांकन एवं तुलना निविदा के निर्धारित वास्तव में अनुक्रियाशील पाए जाने पर जैसे जो कि पूर्ण रूप से हस्ताक्षरित, नियम एवं शर्तों के अनुरूप निम्नलिखित तरीके से पूर्ण हों -

(i) यदि निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न न किये गए तो निविदा को गैर उत्तरदायी (Non-Responsive) समझा जायेगा :

(क) कंपनी की सूक्ष्म रूपरेखा एवं साक्ष्य जो कि यह स्थापित करते हों कि बोलीदाता ने पिछले तीन वर्षों में इसी प्रकार के अनुबंध को सफलता पूर्वक निष्पादित किया है | (एक पृष्ठ में कम्पनी की रूपरेखा बनाकर संलग्न की जाये)

(ख) श्रम मंत्रालय द्वारा जारी पंजीकरण के प्रमाण की सत्यापित प्रति लगायें |

(ग) PAN न. एवं वर्तमान आयकर समाशोधन प्रमाण पत्र |

(घ) कर्मचारी भविष्य निधि के पंजीकरण का शाक्ष्य के रूप में सत्यापित प्रति |

(ङ) Financial Turnover supported by Bank Statement/Balance Sheet certified Year 2015-16, 2016-17, 2017-18. तीन साल की आयकर विवरणी (ITR) |

(च) GST पंजीकरण की सत्यापित प्रति |

(छ) उपरोक्त क से लेकर च बिंदु तक के अलावा विद्यालय के द्वारा परिशिष्ट-B में मांगी गयी सूचना व प्रपत्र भी संलग्न करने होंगे ताकि निविदा को निविदा को विद्यालय द्वारा स्वीकार किया जा सके | बोलीदाता कैंद्रीय विद्यालय, ओ.एन.जी.सी. देहरादून के पक्ष मे रुपए 20,000/- का बैंक ड्राफ्ट बयाना राशि के रूप मे निविदा के साथ संलग्न करेगे | सफल बोलीदाता को ठेका देने के उपरांत असफल बोलीदाता को बयाना राशि वापिस कर दी जाएगी |

(ज) कम्पनी का GEM पोर्टल में पंजीकरण संख्या का प्रमाण पत्र |

8. ठेका देना :-(क) कम्पनी/फ़र्म द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को जाँचने के उपरांत यदि विद्यालय द्वारा मांगी गयी सेवा शर्तों में खरा उतरने के उपरांत वित्तीय निविदा **परिशिष्ट – A** तुलनात्मक विवरण के अनुसार जब दो या दो से अधिक फर्मे प्रतिस्पर्धा में बराबर कि स्थिति में होंगी तो फ़र्म/कंपनी/ठेकेदार की वित्तीय टर्नओवर की स्थिति व इस क्षेत्र में काम करने के अनुभव को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा चयनित फ़र्म/कंपनी/ठेकेदार को ठेका दिया जाएगा |

(ख) जब दो या अधिक फर्मे प्रतिस्पर्धा में वित्तीय तुलनात्मक निविदा के आधार पर बराबर होने की स्थिति में ही आवश्यक होने पर **परिशिष्ट – B** में दर्शाए गये Financial Turnover, कार्यानुभव व अन्य मानकों को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा चयनित सबसे अधिक योग्यता रखने वाली फ़र्म/कंपनी/ठेकेदार को L1 माना जायेगा | इसके बावजूद समिति द्वारा चयनित फ़र्म/कंपनी/ठेकेदार को सरकारी मानकों के तहत अन्य संवैधानिक दायित्वों जो कि इस कार्य हेतु आवश्यक हों का निर्वाह करना अनिवार्य है ऐसा न कर पाने पर निविदा को निरस्त कर दी जायेगी |

(ग) सेवा लेने वाला बोलीदाता जिसकी निविदा निर्धारित वास्तव में अनुक्रियाशील एवं जिसमें वित्तीय निविदा में सबसे कम दाम दिए हैं को ठेका देगा |

(घ) ठेका देते समय सेवा लेने वाले को अधिकार होगा कि वह श्रम शक्ति को घटा या बढ़ा सकता है या किसी सेवा की यदि आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है तो उस सेवा का ठेका नहीं देगा जैसा कि उपरोक्त पैरा-2 में अंकित किया गया है |

(ङ) निविदा की वैधता अवधि समाप्त होने से पूर्व सेवा लेने वाला बोलीदाता जिसकी निविदा को स्वीकार किया गया है को ठेके के अनुबंध हेतु सूचित करेगा | स्वीकार्य प्रस्ताव के नियमों को अनुबंध में सम्मिलित किया जायेगा |

(च) समस्त उपरोक्त के बावजूद सेवा लेने वाले को समस्त निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने एवं ठेका देने से पूर्व किसी भी समय समस्त निविदा की प्रक्रिया को रद्द करने का पूरा अधिकार है |

9.**निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय** : बोली (निविदा) दाताओ से निवेदन है कि मोहरबंद निविदा लिफाफे के ऊपर इस प्रकार अंकित करे **"सेवा शुल्क के आधार पर सफाई, सब-स्टाफ(चपरासी), माली एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर हेतु निविदाये" |** निविदा **दिनांक 16/01/2019 तक दोपहर 1:00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं दिनांक 17/01/2019 को दोपहर 12:30 बजे** प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी., देहरादून के कार्यालय मे खोली जायेंगी |

सेवा लेने वाला केवल संलग्न प्रपत्र मे निविदा प्राप्त करने की आशा करता है एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन में सेवा देने वालो की रूचि की सराहना करता है |

(डॉ. अंशुम शर्मा कलसी)
प्राचार्या

(परिशिष्ट)ANNEXURE – A

FORMAT OF FINANCIAL QUOTATION FOR MAN POWER TO BE ENGAGED, CONSERVANCY, SUB STAFF (PEON) MALI & DATA ENTRY OPERATOR

S. No.	Category of Manpower	Number	Wages per day per person	No. of Days in month	Monthly Remuneration	EPF Rate	ESI Rate	Service Charges/Charges of Uniforms/Bonus etc. including Overhead & Profit (Percentage (%) of Col. No.6, amount in Rs.)	Monthly Unit Rate (Col. 6+7+8+9)	Total Monthly Cost on the basis of total persons to be engaged (Col 10 X No of Manpower required for said service given in Quotation letter dt 03-01-2019 of KV
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	Sweepers (Rates Quoted for 26 days) Without Material	Per Person								
2	Sub Staff (Peon) for Office work)	Per Person								
3	Mali for Gardening work	Per Person								
4	Data Entry Operator (Rates Quoted per day)	Per Person								

Note : 1. Monthly Wages, EPF and ESI rates are as per existing rates & will be liable to be revised as per Govt. norms/on revision by Govt.

2. The Bidder may quote reasonable Service Charges, i.e. minimum 8% below which the tender will be rejected.

3. In case of discrepancy between unit price and total price, the unit price shall prevail.

4. In case 2 or more firm/agency/contractor is in L1 on the basis of Financial Quotation the preference will be given to the firm/agency who has more Financial Turnover and Work Experience.

5. If any type of GST is applicable the firm should quote GST rates separately in the Quotation.

6. Vidyalaya has power to reject any quotation in any stage without assigning any reason.

We agree to provide the above service of manpower and to abide by the terms & conditions contained in the Bid document and also agree to enter the agreement in the format enclosed. Bid Security of Rs.20000.00 (Rupees Twenty Thousand) is furnished herewith vide Bank Draft No……………… Dated ……………… Drawn on ………………………..

Bidder
Signature…………………………..

Name……………………………………
Rubber Stamp …………………………….

Date: _______________ Place:_______________.

(परिशिष्ट)ANNEXURE –B (All Required Documents Related to Firm from Sr. No. 1 to 8 are to be enclosed with this Annexure) TECHNICAL EVALUATION OF TENDER/QUOTATION ON THE BASIS OF FINANCIAL POSITION, ITR & SERVICE RECORD PROVIDED BY THE CONTRACTOR

1. **Name & complete address of Firm/Agency/Company/Proprietor/Contractor____**
2. **Registration/License No. of of Firm/Agency/Company/Proprietor/Contractor______________**
3. **PAN & GST Registration of the of Firm/Agency/Company/Proprietor/Contractor : PAN No____________________ GSTIN No ______________________**
4. **EPF & ESI Registration of Firm/Agency/Company/Proprietor/Contractor : EPF No ____________________ ESI No. _____________________**
5. **Details of E.M.D. in favour of K.V. O.N.G.C. Dehradun Rs. 20000.00 by D.D. No____________ date__________ Issuing Bank Name:________________**
6. **Affidavit that firm is not blacklisted by any client in last 5 years : _______________________ (Affidavit is attached/ Not attached, Yes or No)**
7. **Registration with GEM Portal YES/NO. If yes, Registration No. ___________________________/Proof of Registration attached YES/NO. _____________**
8. **Area of work Evaluation:**

S. No.	Area of Evaluation	Year wise area of evaluation (Year wise Turnover as per documents given in S.N.1)			Grand total	Remarks	
1	2	3	4	5	6	7	8
		2015-16 Rs. In Crore	2016-17 Rs. In Crore	2017-18 Rs. In Crore	(2014-15+2015-16+2016-17) (Col. 3+4+5) Rs. In Crore	Document Proof attached (YES/No	Details of attached documents required as a proof with Tender Form (Without supporting documents required in this regard the quotation will be rejected by the Vidyalaya)
a	Financial Turnover supported by Bank statements, Balance sheet & ITR as on 31st March of last 3 years (Amount should be in crore as per required documents)						The Financial Turnover supported by Bank statements, Balance sheet enclosed.
b	ITR of last 3 years supported by Form-16 of the Firm.						Form 16 in support of ITR of last 3 years 2016 to 2018 are enclosed.
c	No. of clients served Per year for last 3 years (a) Govt/PSU/KVS						Certificate issued by Govt./PSU/KVS or Private organization.
	(b) Private						
d	Total No. of Employee working during last years (List as per EPF subscription)						List as per EPF subscription of Firm for the month of September/October-18 is attached.
e	Total duration of experience (In years)						A Self Declaration Certificate in this regard is attached.

NOTE: The data/information/documents provided by contractor/bidder related to Col. No 1-8 (a to e) above will also scrutinized / finalized by the committee constituted at vidyalaya level for the purpose on the basis of required/submitted documents & the work order will be awarded accordingly.

Signature of authorized person:

Date : ………………………. Name……………………………………….

Place : ……………………….

Seal……………………………………….

DECLARATION

I, …………………………..Son/Daughter/Wife of Shri ……………………………….. Proprietor/Director/authorized signatory of the Agency mentioned above, is competent to sign this declaration and execute this tender document:

1. I have carefully read and understood all the terms and conditions of the tender document for outsourcing services i.e. Conservancy, Data Entry Operator, Mali and Sub Staff (Peon) & undertake to abide by them , I have also submitted all documents in support of information mentioned in Sr. No 1 to 6 & others required in quotation/tender form.
2. All the required information as given/documents furnished along the above application are true and authentic to the best of my knowledge and belief. I/We, am/are well aware of the fact that furnishing of any false information/fabricated & incomplete document would lead to rejection of my tender at any stage besides liabilities towards prosecution under appropriate law.
3. I, hereby undertake to work at L1 rates if selected as per the terms and conditions given in the tender documents if found L1 in comparative statement prepared by the vidyalaya.

Signature of authorized person with office seal of the firm …………………………….

Date : ……………………….

Name………………………………………………………. Place:)___________________ Mobile No:_____________________